# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर

ई-मेल- ee.cd2bsr@gmail.com कार्यालय दूरभाष नं0-05732-298020

पत्रांक: ..............

दिनांक ..............

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बुलन्दशहर।

विषयः- मै0 भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा सिकन्द्राबाद आबादी भाग (अ0जि0मा0) के गाटा सं0-1233, ग्राम सिकन्द्राबाद देहात, तहसील सिकन्द्राबाद, जनपद बुलन्दशहर में मध्य रेखा से बांयी ओर नवीन रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः- आपका पत्रांक- 239(4)/शस्त्र लिपिक द्वितीय दिनांक 14.02.2020

कृपया उपरोक्त विषयक अपने उक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने कृपा करें। सन्दर्भित पत्र द्वारा सिकन्द्राबाद आबादी भाग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0 5 (चैनेज 4.800) में गाटा सं0 1233 में स्थित ग्राम सिकन्द्राबाद देहात, तहसील सिकन्द्राबाद, जनपद बुलन्दशहर में रिटेल आउटलेट स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने की अपेक्षा की है।

मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो0नि0वि0, मेरठ द्वारा अपने पत्रांक-2121नि0/ 882(54)आर-मे0क्षे0 (बु0शहर)/2020 दिनांक 30.05.2020 द्वारा विषयक आउटलेट निर्माण की अनुमति उ0प्र0 सरकार के शा0सं0-1882/23-12-19-1365/17टी0सी0 दिनांक 04.12.19 में दी गई गाईड लाईनों एवं शर्तो के अनुसार प्रदान की है। उक्त के क्रम आउटलेट निर्माण हेतु निम्न मुख्य प्रतिबन्ध व शर्ते लागू होगी।

1. मै0 भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, मेरठ को यूपी रोड साईड लेण्ड कन्ट्रोल एक्ट के अन्तर्गत सिकन्द्राबाद आबादी भाग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0 5.00 (चैनेज 4.800) में गाटा सं0 1233 में स्थित ग्राम सिकन्द्राबाद देहात, तहसील सिकन्द्राबाद, जनपद बुलन्दशहर में रिटेल आउटलेट मार्ग की मध्य रेखा से बांयी ओर 55 फीट की दूरी के बाद स्थापित किया जायेगा।
2. मै0 भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, द्वारा प्रस्तावित पेट्रोल पम्प की स्थापना संलग्न एनेक्सर-I,II,III में वर्णित समस्त शर्तो का पालन करते हुए स्थापित करेगी। उनके द्वारा यदि एनेक्सर-I,II,III में वर्णित कोई भी शर्तो का उल्लघंन किया जाता है तो यह अनुमति स्वतः निरस्त समझी जायेगी।
3. बफर स्ट्रिप का निर्माण शासन के पत्रांक-1882/23-12-19-1365/17टी0सी0 दिनांक 04.12.19 द्वारा जारी नियमावली-2019 के मानको के अनुसार होनी चाहिये।
4. रिटेल आउटलेट के पहुँच मार्ग में 150 एम0एम0 जी0एस0बी0, डब्लू0बी0एम0 250एम0एम0, 50 एम0एम0 डी0बी0एम0 तथा 30 एम0एम0 बी0सी0 का न्यूनतम पेवमेन्ट कम्पोजीशन होना चाहिये।
5. रिटेल आउटलेट के पहुँच मार्ग में स्लैब कलवर्ट बनायी जायेगी, जिसमें लोहे की ग्रेटिंग की ओपनिंग होगी ताकि रिटेल आउटलेट एवं पहुँच मार्ग पर आने वाला वर्षा का पानी पुलियों के द्वारा डिस्पोजल किया जा सकें।
6. मार्ग पर 300 मीटर की दूरी पर कोई अन्य रिटेल आउटलेट नहीं होना चाहिये।
7. रिटेल आउटलेट के प्लाट का साईज शासन के पत्रांक-1882/23-12-19-1365/17टी0सी0 दिनांक 04.12.2019 द्वारा जारी नियमावली-2019 के अनुसार होना चाहिये।
8. रिटेल आउटलेट पेंटेड एरिया का लेविल सड़क के पेंटेड सतह के मध्य लेबिल से 0.30 मीटर नीचे होना चाहिये।
9. रिटेल आउटलेट एवं नाली का निर्माण मार्ग की स्थायी भूमि, आर0ओ0डब्लू0 एवं बिल्डिंग लाईन के बाहर होना चाहिये तथा निर्माण सामग्री इसकी सीमा में एकत्रित न की जाये।
10. रिटेल आउटलेट स्थापित करने में शासन के पत्रांक 1882/23-12-19-1365/17टी0सी0 दिनांक 04.12.2019 द्वारा जारी नियमावली-2019 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन अनिवार्यतः किया जायेगा।
11. भूमि के स्वामित्व का सत्यापन राजस्व विभाग से होना चाहिये। इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग

E.S.K. Rathor A4 Daily Petrolpump (19)

कुमार अविनाश
प्रादेशिक प्रबन्धक (रिटेल)
भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
आबू का मकबरा, केसर गंज
मेरठ-250002 (उ0प्र0)

05/08/2020

एम. ब्रहमा (M. Brahma)
प्रबन्धक अभियांत्रिकी (रिटेल)
एम. ब्रहमा (M. Brahma)
प्रबन्धक अभियांत्रिकी (रिटेल)
मेरठ रिटेल, टेरिटरी
भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

05/8/2020

का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

12. यदि निर्माण स्थल भूमि पर न्यायालय में कोई वाद विचाराधीन है तो ऐसी दशा में अनापत्ति-प्रमाण-पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

13. मानचित्र में दर्शाये गये प्लान से निर्माण भिन्न होने की स्थिति में एवं उल्लिखित किन्ही भी शर्तो का पालन न होने की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण-पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा। सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्रालय तथा लोक निर्माण विभाग के समस्त निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

14. इस प्रकार की कोई भी स्थायी अथवा अस्थाई संरचना नहीं कि जायेगी जो सुलभ यातायात में बाधित हो अथवा दुर्घाट्ना का कारण बने।

15. रिटेल आउटलेट के पहुँच मार्ग का रख-रखाव मै0 भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, मेरठ उ0प्र0 के डीलर द्वारा स्वयं के व्यय पर करना होगा।

16. पैट्रोल पम्प पर स्वच्छ पीने का पानी एवं टॉयलेट की सफाई की उचित व्यवस्था एवं रख-रखाव किया जाये। विभाग द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जायेगा।

17. निर्गत अनुमति की एक प्रति अभिलेख हेतु इस कार्यालय को उपलबध करायी जाये।

18. एनेक्सर-III के बिन्दू-4/14 में वर्णित शर्त के अनुपालन में आवेदक द्वारा One Time Licence के रूप में रू0 200000/- (दो लाख रूपये मात्र), भारतीय स्टैट बैंक के डी0डी0 सं0-298321 दिनांक 15.06.2020 की धनराशि तथा प्रोसेसिंग फीस के रूप में रू0 10000/-(दस हजार रूपये मात्र) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर के खाते में पैट्रोल पम्प की स्थापना हेतु जमा करायी जा चुकी है।

19. उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र 10 वर्षो के लिए ही मान्य होगा तथा उसका नवीनीकरण शासन के पत्रांक-1882/23-12-19-1365/17टी0सी0 दिनांक 04.12.2019 द्वारा जारी नियमावली-2019 में दिये गये आदेशानुसार करना होगा।

यदि आवेदक उपरोक्त किसी भी शर्त का अनुपालन नहीं करता है, तो उपरोक्त संस्तुति स्वतः निरस्त समझी जायेगी।

संलग्नकः प्रकरण मूल में एवं उक्त सन्दर्भित पत्र की सत्यापित छायाप्रति।

(इं0 राधेश्याम शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0
बुलन्दशहर

पत्रांक 1045 / 7E — दिनांक : 08/07/20

प्रतिलिपिः- मुख्य अभियन्ता, मेरठ क्षेत्र, लो0नि0वि0, मेरठ को उनके सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- सहायक अभियन्ता द्वितीय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- अवर अभियन्ता (प्रा0) को सूचनार्थ प्रेषित।

7/7/20
(इं0 राधेश्याम शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0
बुलन्दशहर

05/08/2020

...मार अविनाश
प्रादेशिक प्रबन्धक (रिटेल)
भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
आबू का मकबरा, केसर गंज
मेरठ-250002 (उ0प्र0)

05/08/2020

एम. ब्रहमा (M. Brahma)
प्रबन्धक अभियांत्रिकी (रिटेल)
मेरठ रिटेल, टेरिटरी
भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
आबू का मकबरा केसरगंज मेरठ (उ0प्र0)

EAK Rathor A4 Daily Petrolpump (20)

